>

Title: Need to ensure works under Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Scheme as per specified norms.

श्री गणेश सिंह (सतना): महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजना जो देश की एक मात्र ग्रामीण विकास की योजना है, जिसका उद्देश्य लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना एवं ग्रामीण विकास का है, प्रथम चरण में जहां जीएसबी सड़कों, कपिल धारा के कुएं बनाए जाने का काम हो चुका है, वहां की जीएसबी सड़कें अब चलने लायक नहीं बची, जो गड्ढों में तब्दील हो गई है, इसी तरह कपिल धारा के कुएं से पर्याप्त गहरे न होने के कारण तथा जल स्रोत नीचे जाने के कारण सूखे पड़े हैं, इनकी उपयोगिता पर एक बड़ा प्रश्न चिह्न खड़ा है, इनके सुधार एवं मरम्मत तथा सड़कों को डब्ल्यूबीएम सड़कें बनाने एवं भवन आदि निर्माण कार्यों का प्रावधान किया जाना योजना में आवश्यक है, अन्यथा जहां एक और उक्त योजना उपहास का शिकार होगी, वहीं ग्रामीण क्षेत्र का विकास अधूरा रहेगा, इसके साथ-साथ इसमें सांसद निधि का पक्के कार्यों एवं तालाबों के गहरीकरण में कनवर्जन का प्रावधान रखा जाना आवश्यक है, ताकि कार्यों को मूर्त रूप दिया जा सके एवं वे उपयोगी हो सके।